## सुनने और बोलने की क्षमता के परीक्षण के लिए जाँचसूची...

### जन्म से लेकर 3 महीनों तक

- ☐ परिचित आवाज़ें या बोली सुनने पर शाँत हो जाता है
- ☐ अचानक आवाज़ होने पर चौंक जाता है या उछलता है

### 3 से 6 महीनों तक

- ☐ दिलचस्पी की आवाज़ें सुनकर उस ओर सिर या आँखें घुमाता है
- ☐ ऐसा आभास होता है कि वह सुनने की कोशिश कर रहा है
- ☐ आवाज़ होने पर आसानी से नींद से जाग जाता है
- ☐ बोली जैसी आवाज़ें करना शुरू करता है

### 6 से 12 महीनों तक

- ☐ 'नो' और 'बाय-बाय' जैसे आसान शब्दों को समझता है
- ☐ बोली की आवाज़ों की नकल करना शुरू करता है
- ☐ हल्की आवाज़ों की ओर सिर घुमाता है

### 12 से 18 महीनों तक

- ☐ ऐसा प्रतीत होता है कि वह हरेक सप्ताह पहले से और भी अधिक शब्दों को समझ सकता है
- ☐ पूछे जाने पर लोगों, शरीर के अंगों या खिलौनों की तरफ इशारा करता है
- ☐ बोले गए आसान निर्देशों का पालन करता है, यानि 'बैठ जाओ'
- ☐ दो से तीन वास्तविक शब्द कह सकता है, यानि 'बॉल', 'डॉग', 'कार'

**यदि आपको अपने बच्चे की सुनने की क्षमता के बारे में कोई चिंताएँ है, तो अपने स्थानीय क्लिनिक में अपने बच्चे के डॉक्टर या कर्मचारियों से संपर्क करें।**




**क्वींसलैंड स्वास्थ्य श्रवण-शक्ति कार्यक्रम (Queensland Health Healthy Hearing Program) का उद्देश्य सुनने की क्षमता में स्थायी रूप से हानि के साथ जन्म लेने वाले शिशुओं की पहचान करना है। यह क्वींसलैंड में जन्म लेने वाले ऐसे सभी शिशुओं के लिए निःशुल्क उपलब्ध है, जो मेडिकेयर के पात्र होते हैं।**

**www.health.qld.gov.au/healthyhearing**

Queensland Government

Reviewed 2018

Language: Hindi



# आपके शिशु की सुनने की क्षमता का परीक्षण

आपको कैसे पता चलेगा कि मैं आपको सुन सकता हूँ?

Queensland Government

के लिए सुनने की क्षमता का परीक्षण।

...........................

दिनांक ....................

समय ....................

स्थान ....................

## आपको कैसे पता चलेगा कि मैं आपको सुन सकता हूँ?

जीवन के आरंभिक महीनों से ही आपके शिशु की बोली और भाषा के विकास के लिए सुनने की स्वस्थ क्षमता का होना महत्वपूर्ण होता है। प्रत्येक 1000 में से लगभग एक या दो शिशु सुनने की क्षमता में गंभीर हानि से ग्रस्त होंगे।

यदि आरंभिक अवस्था में ही सुनने की क्षमता में कमी की पहचान नहीं की जाती है, तो इससे आपके शिशु की बोली और भाषा के विकास व स्कूल में भविष्य में सीखने की क्षमता प्रभावित हो सकती है।

## शिशु के स्वास्थ्य की जाँच का एक भाग

स्वस्थ श्रवण-शक्ति कार्यक्रम का उद्देश्य सुनने की क्षमता में स्थाई कमी के साथ जन्में शिशुओं की पहचान करना है। यह क्वींसलैंड में जन्में ऐसे सभी शिशुओं के लिए निःशुल्क उपलब्ध है, जो मेडिकेयर के पात्र होते हैं।

आपके शिशु के जन्म के बाद उसके लिए कई स्वास्थ्य जाँचें प्रस्तुत की जाएँगी। इनमें से एक जाँच सुनने की क्षमता में कमी का परीक्षण होगी। जन्म के बाद जितनी जल्दी संभव हो सके, यह परीक्षण किया जाना चाहिए। यदि आपके और आपके शिशु के अस्पताल छोड़ने से पहले उसका परीक्षण नहीं किया जाता है, तो घर जाने के बाद भी एक आउटपेशियंट के रूप में आपके शिशु का परीक्षण किया जा सकता है।

## परीक्षण कैसे किया जाता है?

सुनने की क्षमता के परीक्षण से आपके शिशु को चोट नहीं लगती है। एक नर्स या सुनने की क्षमता के परीक्षण में प्रशिक्षित व्यक्ति आपके शिशु के शाँत होने या सोते समय यह परीक्षण करेगा। आपके शिशु के सिर पर कई छोटे-छोटे पैड धीरे से रखे जाएँगे और प्रत्येक कान के ऊपर हल्के से एक नर्म इयरफोन रखा जाएगा। फिर आपके शिशु के कानों में कई कोमल ध्वनियाँ डाली जाएँगी। ध्वनियों के प्रति आपके शिशु की प्रतिक्रियाओं को पैड रिकॉर्ड करेंगे।

## मुझे परिणाम कब पता चलेंगे?

परीक्षण के परिणाम तुरंत पता चल जाएँगे और इन्हें आपके शिशु के व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा। परीक्षण करने वाला व्यक्ति आपके साथ परिणामों के बारे में चर्चा करेगा। यदि आप किसी बात के विषय में सुनिश्चित नहीं हैं, तो प्रश्न पूछें।

## परीक्षण से हमें क्या जानकारी मिलेगी?

प्रत्येक कान के लिए परीक्षण का परिणाम या तो 'पास' होगा या फिर 'रेफर' होगा। यह परीक्षण आपके शिशु की सुनने की क्षमता के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं देगा।

## 'पास' के परिणाम का क्या अर्थ होता है?

दोनों कानों के लिए 'पास' के परिणाम का अर्थ यह होता है कि आपके शिशु की सुनने की क्षमता में ऐसी कोई कमी होने की संभावना नहीं है जो उसकी बोली और भाषा के विकास को प्रभावित कर सकती है।

बहुत कम शिशुओं के परीक्षणों में ऐसा हो सकता है कि पास का परिणाम मिलने के बावजूद भी उनमें सुनने की क्षमता में कमी के कुछ प्रकारों के लिए देर से प्रकट होने वाले ज्ञात खतरे के कारक मौजूद होते हैं। यदि ऐसा हो, तो आपके शिशु के लिए उसके पहले जन्मदिन से कुछ समय पहले एक ऑडियोलॉजिस्ट के साथ सुनने की क्षमता का परीक्षण प्रस्तुत किया जाएगा। इस परीक्षण का समय आपके शिशु की विशिष्ट आवश्यकताओं पर आधारित होगा। खतरे के इन कारकों की उपस्थिति वाले बहुत कम शिशुओं में सुनने की क्षमता में कमी विकसित होगी, परंतु यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण होता है कि आपके शिशु का परीक्षण किया जाए।

याद रखें कि सभी शिशुओं और बच्चों की सुनने की क्षमता समय के साथ बदल सकती है। यदि किसी भी समय आपके पास अपने शिशु या बच्चे की सुनने की क्षमता के बारे में कोई चिंताएँ हों, तो अपने स्थानीय क्लिनिक में अपने डॉक्टर या कर्मचारियों से संपर्क करें। किसी भी उम्र के शिशुओं और बच्चों के लिए सुनने की क्षमता के परीक्षण किए जा सकते हैं।

## 'रेफर' के परिणाम का क्या अर्थ होता है?

कई बातों के कारण सुनने की क्षमता के परीक्षण के लिए 'रेफर' का परिणाम मिल सकता है:

- परीक्षण के दौरान आपका शिशु अस्थिर था।
- परीक्षण के दौरान पृष्ठभूमि में शोर मौजूद हो सकता था।
- आपके शिशु के जन्म के बाद उसके कान में तरल पदार्थ या कोई अस्थाई अवरोध मौजूद हो सकता था।
- बहुत कम शिशुओं की सुनने की क्षमता में
- अस्थाई या स्थाई कमी हो सकती है। इस कमी का स्तर हल्के से लेकर गंभीर तक हो सकता है।

यदि आपके शिशु के एक या दोनों कानों के लिए सुनने की क्षमता के पहले परीक्षण का परिणाम 'रेफर' मिलता है, तो उसके दोनों कानों के लिए सुनने की क्षमता का एक और परीक्षण किया जाएगा।

यदि आपके शिशु के एक या दोनों कानों के लिए सुनने की क्षमता के दूसरे परीक्षण का परिणाम भी 'रेफर' मिलता है, तो आपको परीक्षण के लिए एक ऑडियोलॉजिस्ट तथा साथ में परिवार समर्थन सेवा के लिए रेफर किया जाएगा। आपको एक अतिरिक्त प्रपत्र दिया जाएगा जिसमें और अधिक विवरण के साथ आपको इसके बारे में समझाया जाएगा।

### मुझे और अधिक जानकारी कहाँ से प्राप्त हो सकती है?

यदि अपने शिशु की सुनने की क्षमता के परीक्षण के बारे में आप और अधिक जानकारी प्राप्त करना चाहते/चाहती हैं, तो अपने स्थानीय अस्पताल, अपने शिशु के डॉक्टर या अपने स्थानीय क्लिनिक के कर्मचारियों से संपर्क करें।






